SENTIA GLOBAL SCHOOL

CLASS III **PT1 REVISION PAPER** **SUBJECT HINDI**

नीचे दी गई कहानी को पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर लिखो -

एक गाँव में 2 बिल्लियाँ रहती थी | उन्हें जो कुछ भी मिलता था, उसे आपस में मिल-बांटकर खाया करती थी | एक दिन उन्हें एक रोटी मिली | उसे बराबर -बराबर बाँटते वक़्त उनमें झगड़ा हो गया | एक बिल्ली को अपनी रोटी का टुकड़ा दूसरी बिल्ली के रोटी के टुकड़े से छोटा लगा | लेकिन दूसरी बिल्ली को अपनी रोटी का टुकड़ा छोटा नहीं लगा |

जब दोनों बिल्लियाँ किसी नतीजे तक नहीं पहुंची तो दोनों बिल्लियाँ एक बन्दर के पास गयीं | उन्होंने बन्दर को सारी बात बतायी और उससे न्याय करने के लिए कहा | सारी बात सुनकर बन्दर एक तराजू लेकर आया और दोनों टुकड़े एक-एक पलड़े में रख दिए | तोलते समय जो पलड़ा भारी हुआ, उस वाली तरफ से उसने थोड़ी सी रोटी तोड़कर अपने मुँह में डाल ली | अब दूसरी तरफ का पलड़ा भारी हो गया, तो बन्दर ने उस तरफ से रोटी तोड़कर अपने मुँह में डाल ली | इस तरह बन्दर कभी इस तरफ से तो कभी दूसरी तरफ से रोटी ज्यादा होने का कारण बताकर रोटी तोड़कर अपने मुँह में डाल लेता |

दोनों बिल्लियाँ चुपचाप बन्दर के फैंसले का इंतज़ार करती रहीं लेकिन जब दोनों बिल्लियों ने देखा कि दोनों टुकड़े बहुत छोटे-छोटे रह गए तो वे बन्दर से बोली : " आप चिंता ना करो, हम लोग अपने आप रोटी का बंटवारा कर लेंगी"

इस बात पर बन्दर बोला – " जैसा आप दोनों को ठीक लगे, लेकिन मुझे भी अपनी मेहनत कि मज़दूरी तो मिलनी ही चाहिए ना" इतना कहकर बन्दर ने रोटी के बचे हुए दोनों टुकड़े अपने मुँह में डाल लिए और बिल्लियों को वहां से खाली हाथ भगा दिया |

दोनों बिल्लियों को अपनी गलती का एहसास चुका था और उन्हें समझ में आ चुका था कि "आपस की फूट बहुत बुरी होती है और दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं"

क) एक दिन बिल्लिओं को क्या मिला ?

ख) बिल्लियां कहाँ रहती थी

ग) बिल्लियां किसके पास पहुंची ?

घ) अंत में बिल्लिओं को क्या समझ में आया ?

च) ऊपर दी गई कहानी से तीन संज्ञा शब्द छांट कर लिखो ?

प्र २) लघु प्रश्नों के उत्तर लिखो -

क) कौन बिस्तर में से देर से उठती है ?

ख)ढोल का पूरा नाम क्या था ?

ग) फलों के वृक्ष कहाँ थे ?

घ) बूंदे कहाँ से आती हैं ?

प्र३) उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखो -

उचित - ----------------- कैद - ------------------

समाप्त - ----------------- सच - ------------------

प्र ४) दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखो -

क) किरण बालिका को सुलाकर कहाँ चली जाती है ?

ख) रविंद्र ने पिंजरे में बंद पक्षिओं का क्या किया ?

ग) कौए ने जन्मदिन पर क्या मदद की ?

प्र ५) जोड़े बनाओ

पंक्षी	सफाई
ढ़ोल	किरणें
सूरज	पिंजरे
आम	गाना
नाचना	मीठा
साफ़	बजाना

(खंड ख)

व्याकरण सम्बन्धी प्रश्नों को लिखो -

१) ये भाषा के कौन से रूप हैं -

क) कविता सुनाना - ----------------------------

ख) अभ्यास पुस्तिका में लिखना - ----------------------------

२) नीचे दिए गए वर्णों का प्रयोग करके एक एक शब्द बनाओ -

क) ड़- --------- ख) त्र - -----------

ग) क्ष - ---------- घ) ज्ञ - ----------

३) नीचे दिए गए शब्दों को क्रम में लगाकर सार्थक वाक्य बनाओ

क) लड़की छोटी यह है - --

ख) पार्क खेलना है मुझे में - ---

४) संज्ञा के दो दो उदहारण लिखो -

क) सब्जी के नाम - ----------------------- ---------------------------

ख) फर्नीचर के नाम - ---------------------- ---------------------------

५) वचन बदलो -

क) वस्तु - ---------------------- ख) चूड़ी - -------------------------------

ग) लड़का - ---------------------- घ) किताब - -----------------------------